# मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर हुई चर्चा

- यूपीईएस ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया गया आयोजन

भास्कर समाचार सेवा



अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग के दौरान अतिथि व यूपीईएस के पदाधिकारी।

देहरादून। यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने अपने बिधौली कैंपस में मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर एल्सेवियर के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को होस्ट किया। यूनिवर्सिटी ऑफ़ डेटन, यूएसए के सहयोग से यूपीईएस की ओर्गनाइजिंग कमिटी की ओर से संचालित इस कार्यक्रम ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में सुझाव देने और रचनात्मक विकास को साझा करने के लिए इंडस्ट्रीज के रिसर्चर्स और एप्लिकेशन डेवलपर्स को एक साथ लाने का काम किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय और एसईआरबी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत यूपीईएस के वाईस चांसलर डॉ. राम शर्मा और यूपीईएस के डीन डॉ. रवि एस अय्यर की वेलकम स्पीच के साथ हुई। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में प्रोफेसर विजयन असारी, यूनिवर्सिटी ऑफ़ डेटन, यूएसए और एलसी मंगल, ओएस और निदेशक डील, डीआरडीओ, जैसे प्रतिष्ठित मुख्य स्पीकर्स की उपस्थिति भी देखी गई। सम्मेलन में भारत, यूएसए, रूस, ओमान, श्रीलंका, हंगरी, नाइजीरिया, सऊदी अरब, वियतनाम, बांग्लादेश, कनाडा, यूके और अन्य सहित दुनिया भर के 45 देशों से 1000 से अधिक प्रस्तुतियां आईं। मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के उभरते क्षेत्र में रिसर्च और शिक्षा के इंटीग्रेशन की अनुमति देते हुए, इस कार्यक्रम ने इंजीनियरिंग डोमेन में क्रिएटिव, रचनात्मक विकास को साझा करने और विस्तार देने के लिए कार्य किया।